बरेली, सोमवार
4 अगस्त, 2025
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 16+4=20

दैनिक जागरण

PAGE NO.II: BOTTOME

# लखनऊ के दिव्यांश व गाजियाबाद की आरती चौधरी बनीं विजेता

जागरण संवाददाता, बरेली : 12 वें श्री राम मूर्ति मेमोरियल व तृतीय यूपी स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस टूर्नामेंट का रविवार को समापन हो गया। इसमें वीमेंस वर्ग में वर्ष 2024 की चैंपियन गाजियाबाद की अंकिता गुप्ता को हराकर वहां की आरती चौधरी ने खिताब जीता, जबकि अंकिता गुप्ता वीमेंस और यूथ गर्ल्स अंडर-19 कैटेगरी में भी रनर रहीं। इस कैटेगरी में अंकिता को हराकर गाजियाबाद की दिशा ने खिताब हासिल किया। मेंस कैटेगरी में पिछले वर्ष चैंपियन लखनऊ के दिव्यांश श्रीवास्तव ने गाजियाबाद के सार्थ मिश्रा को हराकर खिताब जीता।

पिछले वर्ष 2024 में कैडेट ब्वायज अंडर-13 और होप्स ब्वायज अंडर-11 में विजेता रहे। लखनऊ के लक्ष्य कुमार ने कैडेट ब्वायज अंडर-13 में चैंपियन बने, जबकि सब जूनियर ब्वायज अंडर-15 में रनर अप रहे। पिछले वर्ष में होप्स गर्ल्स अंडर-11 की चैंपियन अंशिका गुप्ता ने इस वर्ष इस कैटेगरी के साथ कैडेट गर्ल्स अंडर-13 में भी चैंपियन बनीं। यूपीटीटीए के प्रेसीडेंट संजीव पाठक, पूर्व महासचिव अरुण बनर्जी, टूर्नामेंट डायरेक्टर एनके लाहिरी, रैकेट कंट्रोलर अंतरराष्ट्रीय रेफरी अमित सिंह, डिप्टी रैफरी पीके जैन, डिस्ट्रिक्ट टेबल टेनिस एसोसिएशन बरेली के सेक्रेटरी दीपेंद्र कामथान, एसआरएमएस ट्रस्ट के सेक्रेटरी आदित्य मूर्ति, डा. प्रभाकर गुप्ता, डा. सोवन मोहंती ने विजेता खिलाड़ियों को ट्राफी, प्रमाण पत्र और नकद पुरस्कार दिया। इस मौके पर जूनियर नेशनल टीम के कोच पराग अग्रवाल मौजूद रहे।




श्री राममूर्ति मेमोरियल व यूपी स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस टूर्नामेंट के समापन पर विजेता खिलाड़ी व आयोजक • सौ. मीडिया प्रभारी

### फाइनल में ये रहे विजेता

- मेंस में दिव्यांश श्रीवास्तव, लखनऊ
- वुमेंस में आरती चौधरी, गाजियाबाद
- यूथ ब्वायज अंडर-19 में मौलिक चतुर्वेदी, आगरा
- यूथ गर्ल्स अंडर-19 में दिशा, गाजियाबाद
- जूनियर ब्वायज अंडर-17 में आर्यन कुमार, प्रयागराज
- जूनियर गर्ल्स अंडर-17 में याशिका तिवारी, गाजियाबाद
- सब जूनियर ब्वायज अंडर-15 में आशुतोष गुप्ता, कानपुर
- सब जूनियर गर्ल्स अंडर-15 में अनोखी केसरवानी, वाराणसी
- कैडेट ब्वायज अंडर-13 में लक्ष्य कुमार, लखनऊ
- कैडेट गर्ल्स अंडर-13 में अंशिका गुप्ता, प्रयागराज
- होप्स ब्वायज अंडर-11 में आर्यवीर बोरा, गौतमबुद्धनगर
- होप्स गर्ल्स अंडर-11 में अंशिका गुप्ता, प्रयागराज